XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक निग0 1061–पीबीआर/13 जिला – विदिशा

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
17-4-15	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी नायब तहसीलदार, जिला विदिशा द्वारा प्रकरण कमांक 71/अ–6/2011–12 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 22–2–13 के विरूद्ध म0प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है । आलोच्य आदेश द्वारा अधीनस्थ न्यायालय ने प्रकरण को विचारार्थ स्वीकार किया है । 2– आवेदक अधिवक्ता को प्रकरण में सुनवाई दिनांक को लिखित तर्क हेतु 10 दिवस का समय दिया गया था किंतु उनके द्वारा आज दिनांक तक लिखित तर्क पेश नहीं किए गए हैं । 3– अनावेदक अधिवक्ता द्वारा प्रकरण का निराकरण रिकार्ड के आधार पर किए जाने का अनुरोध किया गया है । 4– आवेदक अधिवक्ता द्वारा निगरानी मेमो में दिए गए तर्कों के परिप्रेक्ष्य में अभिलेख का अवलोकन किया तथा आलोच्य आदेश का परिशीलन किया । अभिलेख के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि यह निगरानी अधीनस्थ न्यायालय द्वारा प्रकरण को विचारार्थ स्वीकार किये जाने के विरूद्ध पेश की गई है । किसी भी प्रकरण में विचार करना या न करने का विवेक अधीनस्थ न्यायालय को प्राप्त होता है । अन्य प्रकरण में दिए गए स्थगन के आधार पर इस प्रकरण की कार्यवाही स्थगित करने संबंधी आवेदक का तर्क भी स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है । अधीनस्थ न्यायालय ने अपने विवेक से प्रकरण को ग्राह्य किया है आवेदक को अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर अधीनस्थ न्यायालय में उपलब्ध है । दर्शित परिस्थिति में अधीनस्थ न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है । परिणामतः यह निगरानी निरस्त की जाती है । 4– उभयपक्ष सूचित हों एवं अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख वापिस हो । सदस्य	



समक्ष माननीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश राजस्व मण्डल सर्किट कैम्प भोपाल

R-1061-PBR/13 प्र. क्र. /निगरानी/13

श्री नारायण आ0 स्व0 श्री श्यामलाल

निवासी रायसेन गेट किला अन्दर विदिशा म0प्र0 .... आवेदक

विरूद्ध

1. बाबूलाल आ0 स्व0 श्री मुन्नालाल
2. निर्मल कुमार (मृतक) द्वारा वरिसान
   अ–रविन्द्र चौरसिया आ0 स्व0 श्री निर्मल कुमार
   ब– अतुल चौरसिया आ0स्व0श्री निर्मल कुमार
3. श्रीमती सुनीता चौरसिया पत्नी श्रीद सुरेश चौरसिया
   निवासी सांरगपुर जिला राजगढ
4. श्रीमती सविता चौरसिया पत्नी श्री दिलीप चौरसिया
   वे.बी.रोड गुना जिला गुना म0प्र0
5. श्रीमती रजनी चौरसिया पत्नी श्री अशोक चौरसिया
   निवासी जाहांगीराबाद-भोपाल
6. भगवानदास आ0 आ0 स्व0 श्री श्यामलाल
7. हरिनारायण आ0 स्व0 श्री श्यामलाल
8. राजेन्द्र कुमार आ0 स्व0 श्री श्यामलाल
   निवासीगण निवासी रायसेन गेट किला
   अन्दर विदिशा म0प्र0 ...... अनावेदकगण

14/3/13

म0प्र भू–राजस्व सहिंता की धारा 50 के अन्तर्गत निगरानी

आवेदक विद्वान नायब तहसीलदार विदिशा जिला विदिशा द्वारा उनके प्रकरण क्र0 71/अ–6/ 2011–12 में पारित आदेश दिनांक 22/02/2013 से असन्तुष्ट एवं दुखी होकर यह निगरानी आदेश कि प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त होने कि दिनांक से निर्धारित समयावधि में माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहे है ।